दिनांक : 06.09.2025 समय : 07.10 pm

## मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 17 हजार 500 किसानों को 20 करोड़ से अधिक बाढ़ राहत राशि का किया वितरण।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, जीएसटी रिफॉर्म में सुधार से कृषि में मिलेगा लाभ ।
- प्रदेश भर में आज अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं का किया जा रहा विसर्जन, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश का दौर जारी, 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

## राहत राशि वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रदेश के 11 जिलों के 17 हजार 500 किसानों को 20 करोड़ 60 लाख रुपए बाढ़ राहत राशि का वितरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित किसानों से वर्चुअल संवाद करते हुए कहा है कि मौसम की मार में हम किसानों को बेसहारा नहीं रहने देंगे। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिलों में अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों से आत्मीय संवाद कर उनकी कुशल–क्षेम लेकर फसल क्षति और वर्तमान स्थिति की जानकारी भी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा बीते अगस्त महीने में प्राकृतिक आपदा, अतिवृष्टि एवं बाढ़ से हुई विभिन्न क्षतियों से प्रभावित 24 हजार 884 प्रभावितों को 30 करोड़ रुपये से अधिक की राहत राशि का वितरण किया था।

## कृषिमंत्री–जीएसटी

केंद्रीय कषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जीएसटी रिफॉर्म में सुधार से कषि में सुनिश्चित लाभ मिलेगा। आज भोपाल में प्रेस वार्ता में उन्होंने दूध और उससे निर्मित सभी उत्पादों पर लगने वाली कर दरों को कम किए जाने की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पशुपालक, आजीविका एवं घरेलू ग्रामीण महिला दीदियों को लखपति दीदी बनने का सुनहरा अवसर भी प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि कषि संबंधी उपकरणों एवं उत्पादों पर लगाई जा रही जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत किया जाना किसानों के हित में लाभकारी सौगात है।

**अनंत चतुर्दशी**

देश भर में अनंत चतुर्दशी का पर्व परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जा रहा है।.......

.प्रदेश भर में आज अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। राजधानी भोपाल में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। इसके साथ ही चल समारोह निकाले जा रहे हैं। इसे लेकर नगर निगम और पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रमुख घाटों पर सीसीटीवी कैमरे, गोताखोर, फायर ब्रिगेड और क्रेन तैनात किए गए गए हैं। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन प्रेमपुरा घाट, कमलापति घाट, बैरागढ़, हथाईखेड़ा डेम पर होगा। शहर में कई मार्ग बदले रहेंगे। **इंदौर** शहर के विभिन्न मार्गों से झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां निकाली जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं। **रीवा** में विसर्जन के लिए कत्रिम कुंड बनाए गए हैं। **शहडोल** जिले में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी है। **डिंडोरी** में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला सुबह से शुरू हो गया। धार, सीहोर,खंडवा, शिवपुरी सहित अन्य जिलों में भी अनंत चतुर्दशी का पर्व परंपरागत रूप से धूमधाम से मनाया जा रहा है।

**वैष्णव–जीएसटी सुधार**

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों के जरिये मध्यम वर्गीय परिवारों को बडी राहत और एक बहुमूल्य उपहार दिया है। श्री वैष्णव ने आज नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि नई पीढी के जीएसटी सुधारों से देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 20 लाख करोड़ रुपये का इजाफा होने की उम्मीद है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने वर्ष 2014 से पहले आम आदमी जटिल करों के जाल में फंसा हुआ था, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों पर बोझ पड़ता था। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री जो मध्यवर्गीय परिवारों को एक बहुत बड़ी राहत दी है।

**मौसम**

मध्यप्रदेश में मानसून का असर बना हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों के

साथ–साथ झाबुआ, धार, शाजापुर, राजगढ़, गुना, मंदसौर, नीमच, रतलाम, आगर–मालवा और श्योपुर जिलों में भी अलर्ट जारी किया गया है। लगातार तेज बारिश के कारण कई जिलों में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। सड़कें और बाजार जलमग्न हैं, कई गांवों का संपर्क टूटा हुआ है और प्रशासन को लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक बारिश का यही सिलसिला जारी रहेगा। राज्य सरकार ने सभी प्रभावित जिलों के कलेक्टरों को अलर्ट पर रहने, राहत और बचाव कार्य के लिए टीमों को तैनात रखने और निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने के निर्देश दिए हैं।

**खेल समाचार**

पुरुष एशिया कप हॉकी के सुपर फ़ोर चरण के मैच में आज भारत का सामना चीन से होगा। यह मैच अब से कुछ देर बाद बिहार के राजगीर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। एक जीत और एक ड्रॉ के साथ भारतीय टीम चार अंक अर्जित करके अंक तालिका में शीर्ष पर है। प्रतियोगिता में अब तक अपराजित भारतीय टीम इस बार एशिया कप खिताब की प्रबल दावेदार है। वहीं **चीन के हॉन्गझोउ में आयोजित** महिला हॉकी एशिया कप में आज भारत और जापान आमने सामने हैं। दोनों टीम एक-एक की बराबरी पर चल रही है। भारतीय महिला टीम ने कल थाईलैंड को 11-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी।

**ओणम**

केरल में तीन दिन तक चलने वाला ओणम मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सबरी मलाई पहाड़ी मंदिर और अन्य प्रमुख मंदिरों में अवित्तम सद्या का आयोजन किया जा रहा है। आज शाम राजधानी तिरुवनंतपुरम में एक विशाल ड्रोन शो भी आयोजित किया जाएगा। राजधानी भोपाल में भी ओणम पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

**कुछ समाचार संक्षेप में**

- आज भोपाल में TiE (The Indus Entrepreneurs) मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित एंटरप्रेन्योर एआई समिट 2025 का शुभारंभ खेल एवं युवक कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने किया।
- महिला सशक्त होगी तभी खेती समृद्ध होगी। इस स्लोगन के साथ आगरमालवा में कृषि सखियों को कृषि विज्ञान केन्द्र में प्राकृतिक खेती पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।
- डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के प्रशासनिक भवन में आज विश्वविद्यालय के वरिष्ठतम प्रोफेसर प्रो. वाई. एस. ठाकुर को कुलपति का प्रभार सौंपा गया।

.........................................